सांसद ने वन मंत्री से मुलाकात कर सौपा ज्ञापन

करौली, (निंसं.) केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से करौली धौलपुर सांसद भजन लाल जाटव ने मुलाक़ात कर करौली-धौलपुर टाइगर रिजर्व को लेकर अनेक गंभीर विषयों पर चर्चा की और ज्ञापन दिया। उन्होने सौपे ज्ञापन मे बताया कि करौली-धौलपुर संसदीय क्षेत्र एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां हजारों ठाामीण परिवार अपनी कृषि, पशुपालन और वनों पर निर्भर हैं। टाइगर रिजर्व की अधिसूचना से इन परिवारों की भूमि, आजीविका और भविष्य पर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। प्रस्तावित टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल स्थित हैं, जिनके अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है, इस अधिसूचना से पूर्व न तो ठाम सभाओं एवं पंचायतों की सहमति ली गई और न ही जनसुनवाई की प्रक्रिया अपनाई गई। यह निर्णय भूमि अधिठाहण, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 स्पष्ट उल्लंघन है, उनहोने बताया कि बिना पूर्व सूचना और सहमति के लिए गए भवना के प्रतिकूल है ।

मीणा महासभा के प्रदेश संरक्षक मण्डल की घोषणा

करौली, (निंसं.) राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी ने प्रदेश कोर कमेटी की सहमति से प्रदेश संरक्षक मंडल का मनोनयन किया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारोली ने बताया कि प्रदेश मुख्य संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व प्राचार्य प्रो देवहंस लाल भौंटवाडा बालघाट,पूर्व प्राचार्य डॉ जयपाल जीरोता, पूर्व कमिश्नर बृजमोहन माहिरा लालसोट, डॉ गोविंद सिंह सोमावत जयपुर,पूर्व आई ए एस रामधन दानालपुर, पूर्व आई ए एस घनश्याम बामनवास, पूर्व आई ए एस पी आर मीना काचरौदा, पूर्व आई ए एस टी आर मीना,पूर्व आई ए एस हुकम सिंह पहाडी बालघाट, टोडाभीम विधायक घनश्याम महर, पूर्व विधायक करौली लाखन सिंह कटकड, पूर्व विधायक करौली सुरेश मीना, पूर्व मंत्री रामस्वरूप सांकरवाडा टोडाभीम, गंगापुर विधायक रामकेश मीणा, पूर्व विधायक टोडाभीम बत्तीलाल दलपुरा,राजगढ लक्ष्मणगढ विधायक मांगेलाल मीना, महवा विधायक राजेंद्र प्रधान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, पूर्व प्रधान शिवराज सिंह भुकरावली, अलका मीना तुरसंगपुरा, पूर्व प्रधान रामसिंह मिर्जापुर टोडाभीम, पूर्व सरपंच मोहरसिंह बड़ौदा,चन्द्र प्रकाश उर्फ चकोल्या करौली, सुआलाल ठेकेदार भीकमपुरा, डॉ रामस्वरूप मौठीयापुरा, रामरूप पटेल गांवडा, स्यौराम पटेल पालनपुर , लखनलाल चौधरी झारेडा, मठारया पटेल मूंडरी हिण्डौन, पूर्व प्रधान शिवप्रसाद हुडला , श्रीमती हुकम मीना पीतूपुरा कैलादेवी, पूर्व आई पी एस गिर्राज प्रसाद मोहनपुरा कैलादेवी, लक्ष्मण बडौली, पूर्व प्रधान रैणी रामकरण जामडोली, रामजीलाल सरपंच लांगरा, रामनाथ पटेल जोडली सपोटरा, द्वारका प्रसाद पेपट फुलवाडा, पूर्व प्रधान थानागाजी पेमाराम बाछडी,बाबूलाल चौधरी जीरौता, हुकम चौधरी मंडावरा, किशन लाल बरनाला, स्यौजी राम गादोली, पूर्व चीफ कमिश्नर बी पी मीना राजगढ,पूर्व प्राचार्य डॉ गजराज सिंह धाधरैन, पूर्व प्राचार्य मनरूप सिंह हांस ई धौलपुर, बोधन लाल अलवर, मनरूप सिंह कासौटी खेडा , हरीकिशन मीनापाडा,पूर्व प्राचार्य बाबू सहाय कमालपुरियान का पुरा, लल्लू राम सरपंच काला नांगल, पूर्व सरपंच मंगल राम हलदैना, किशन लाल गिरदावर मैनापुरा,पूर्व तहसीलदार बीरबल कोड्याई,लोकगायक धबले राम लालारामपुरा, राधा किशन शहरागर टोडाभीम, ऊंकार सिंह सिवाला, छोटेलाल फौजी रामगढ पछवारा,हरी पटेल सेवा, रामजीलाल पाडली सिकराय, रामनिवास पटेल सूरवाल, मीना जनजाति इतिहास लेखक शंकरलाल गोरधन पुरा सपोटरा, पूर्व सरपंच रामजीलाल रामवास सैंथल, श्री पटेल खंडीप, राजू पटेल छोटी उदेई, पूर्व सरपंच लटूर मल नारोली चौड, पूर्व सरपंच मूलचंद मालास भांडारेज,हरी राम अध्यापक निठार, रामेश्वर दयाल मालपुरा, पूर्व सरपंच रामखिलाडी तिमावा, पूर्व सरपंच मोहरसिंह किरवाडा, धुंधी पटेल बगलाई, पूर्व एक्स ई एन रामखिलाडी सोप, रामसहाय पटेल पापडदा, पूर्व सरपंच आनंदी लाल बूंदी, देवली उनियारा विधायक प्रत्याशी के ी मीना, रामनिवास चौधरी नौबिस्वा टोडाभीम, पूर्व सरपंच रामजीलाल बैजवाडी, जगदीश सांचौली, साहित्यकार चंदालाल चकवाला, पूर्व विधायक सवाई माधोपुर मोतीलाल मीना, द्वारका प्रसाद ठेकेदार धनेरा सरमथुरा,कमल सरपंच नादरी, रामकरण बिछोच बामनवास, एडवोकेट रामस्वरूप मिलकपुर, रत्तीराम बीझौली, पूर्व सरपंच नत्थू सिंह सलावद नादोती, डॉ केदार नेवला रीछौली, कांजी पटेल ढिगारिया कपूर को मनोनीत किया गया है।

पदयात्रा को पूर्व विधायक सुरेश ने हरि झंडी दिखा कर रवाना की

करौली। श्री गोवर्धन भक्त मंडल नाहरगढ के तत्वाधान में श्री गोवर्धन महाराज की नवमी विशाल पदयात्रा को भाजपा वरिष्ठ नेता एवं करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर श्री गोवर्धन महाराज की नवमी पदयात्रा को रवाना किया। उन्होने बताया कि यात्रा रवाना होने से पहले गांव के प्रमुख मंदिर श्री भैरो जी एवं बजरंगबली के मंदिर में पंडित कन्हैया लाल जी द्वारा सामूहिक पूजन आरती एवं भोग का आयोजन हुआ जिसमें ठाामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर यात्रियों को विदाई थी।करौली पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने बताया कि ऐसे धार्मिक प्रोठाामों से आपसी भाईचारा बढता हैयात्रा संयोजक में बताया कि विभिन्न स्थलों पर धर्मशाला एवं सेवा शिविरों की व्यवस्था की गई है यात्रियों को। पूर्व विधायक सुरेश मीणा के साथ आदि ठाामीण उपस्थित रहे। बाबू पटेल, रघुवीर पटेल,करण सिंह पटेल, खुशीराम, नरसिंह, विश्राम,कैलाश सरपंच,लखन सिंह, राजाराम मीणा, अतरसिंह, मुकेश मीणा, भंवरलाल आदि ठाामीण उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पार्षद ने एडीएम को सौपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी। वार्ड नंबर 37 की मुख्य सडक बारिश के कारण जगह-जगह से टूट गई है। यह सडक पुरानी चुंगी विजय पैलेस से तीन पुलिया तक जाती है। सडक के नीचे से गुजरने वाला नाला पूरी तरह बंद हो गया है। इससे पानी जमा हो रहा है और सडक की स्थिति और भी खराब हो गई है। पार्षद पदम जोशी ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर नगर परिषद को गड्ढे भरवाने और नाले की सफाई के आदेश देने की मांग की है। उन्होंने गार्ड के मकान से भगतजी के मकान तक पक्की सडक बनाने की मांग की है। राम रहीम कॉलोनी की सडक भी पूरी तरह टूट चुकी है। यह कॉलोनी लाटा हाउस के आगे स्थित है। पार्षद ने यहां नई सडक बनवाने की आवश्यकता बताई है। पदम जोशी ने उपखंड अधिकारी और नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त बृजेंद्र मीणा को भी ज्ञापन दिया है। इसमें मोक्षधाम हीरा लाल तिवारा के रास्ते पर बिजली और सफाई की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि महिदास बालाजी से कबाडी वाले के मकान तक अंधेरा रहता है और रास्ता खराब है। अर्थी लेकर जाने वाले लोग नंगे पैर चलते हैं। इससे उनके पैरों में कांच और गिट्टियां चुभ जाती हैं। कई लोग इस कारण घायल हो चुके हैं। रात में असामाजिक तत्व यहां शराब पीते हैं और अवांछित गतिविधियां करते हैं। पार्षद ने रास्ते पर सीसीटीवी कैमरे और बडे लाइट वाले बिजली के पोल लगाने की मांग की है। इसके अलावा कबाडियों द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण किया गया है। उनके वाहन वहां खडे रहते हैं, जिससे मोक्षधाम आने-जाने वालों को परेशानी होती है। पार्षद ने इन सभी समस्याओं का तुरंत समाधान करने की मांग की है।

चिकित्सक की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

करौली, (निंसं.) जिला अस्पताल के पहले फिजियोथैरेपिस्ट डॉ प्रदीप जैन को सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सहित चिकित्सा अधिकारी कर्मचारियों ने उनकी सेवा निवृत्ति पर विदाई देते हुए उनको अस्पताल से निज निवास तक बैंड बाजे के साथ पहुंचा इस बीच शहर में प्रमुख लोगों ने जगह-जगह उसको वर्षा और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। डॉ प्रदीप जैन के सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकेश मीणा, डॉक्टर गोविंद गुप्ता,सुशील मीणा, डिप्टी कंट्रोलर भुवनेश बंसल,कैलाश मीणा आदि चिकित्सकों सहित शहर के प्रमुख लोगों डॉक्टर प्रकाश व्यास, एडवोकेट नगेंद्र व्यास, मोतीलाल शाक्यवार, जैन समाज से विकास जैन, प्रदीप जैन, छोटिया जैन, गुड्डू जैन, विनोद जैन, अशोक जैन आदि लोगों ने पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया वहीं विदाई समारोह के अवसर पर प्रमुख लोगों ने कहा कि जिला अस्पताल के पहले फिजियोथैरेपी चिकित्सक थे जिनके कार्यकाल में सराहनीय हैं सेवाएं रही और डॉक्टर जैन ने समर्पण भाव से अपनी सेवाएं देकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया

वलगम नमूने लिए

करौली (निंसं.) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करौली डॉ. जयन्ती लाल मीना एवं जिला क्षय रोग अधिकारी करौली डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता के संयुक्त निर्दशन मे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कारागृह करौली मे क्षय रोग की जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 188 बन्दियो की जाच की गई एवं वलगम नमूने लिए गये। इसके साथ ही सभी बन्दियो की एचआईवी की जांच भी की गई। शिविर मे डॉ. विजय सिंह मीना, वरिष्ठ क्षय रोग पर्यवेक्षक सुनील सिहं जादौन, प्रयोगशाला सहायक अनिल शर्मा, आईसीटीसी से संतोष शर्मा एवं जेल डिस्पेन्सरी से डॉ. वनवारी मीना एवं अंकुर शर्मा मौजूद रहे।

राज्यपाल ने किया राजीविका वन धन केंद्र की स्टॉल का अवलोकन

उदयपुर। राज्यपाल माननीय हरिभाऊ बागड़े ने कोटड़ा स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के दौरान राजीविका वन धन केंद्र की स्टॉल का अवलोकन किया। स्टॉल पर सफेद मूसली पाउडर, हर्बल साबुन, ग़ुलाल, मसाला, आवला केन्डी, चप्पल, धावड़ी गौंद, शहद, मक्का गैहू दलिया, दाल आदि उत्पादों का प्रदर्शन किया गया था। राज्यपाल ने राजीविका महिला समूहों से जुडी महिलाओं राजीविका दीदीयों के कार्य की प्रशंसा की और स्वरोजगार के उनके प्रयासों को सराहा। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी, टीएडी अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजी लाल मीणा, जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला सीईओ श्रीमती रीया डाबी व कोटड़ा प्रधान सुगना देवी उपस्थित रहे। लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने राजीविका स्वयं सहायता समूहों को आवंटित ऋण प्रदान कर प्रोत्साहित किया। राजीविका स्वयं सहायता समूहों की आजीविका संवर्धन हेतु पीएनबी बैंक से क्रेडिट लिंकेज करा 25 समूहों को राशि 1 करोड़ 50 लाख रूपये तथा एसबीआई बैंक से 03 समूहों को 18 लाख रूपये ऋण प्रदान किए गए। साथ ही रिवोल्विंग फंड तथा कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फण्ड के रूप में 80 स्वयं सहायता समूहों को 54 लाख रूपए की राशि हस्तानातंरित की गई।

राज्यपाल सचिव ने आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

उदयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके निर्देश पर उनके सचिव डॉ. पृथ्वी ने गुरूवार को उदयपुर जिले के ढीकली गांव स्थित मॉडल पब्लिक रेजिडेंशल स्कूल का औचक अवलोकन किया। डॉ. पृथ्वी ने आवासीय विद्यालय की व्यवस्थाओं और वहां उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की।

सिद्धिविनायक होटल में विप्र सेना करौली की ओर से सम्मान समारोह

करौली, (निंसं.) । करौली की सिद्धिविनायक होटल में विप्र सेना करौली की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें करौली के प्रमुख सामाजिक राजनीतिक एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा करौली में जिला न्यायालय में सरकारी अभियोजक लगाए जाने के लिए रितेश सारस्वत एवं शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने हेतुकृष्ण बिहारी पाठक तथा भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अजय पाल जादौन को साफा बंधवाकर एवं श्री मदन मोहन जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

■ **प्रमुख सामाजिक राजनीतिक एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा करौली में जिला न्यायालय में सरकारी अभियोजक लगाए**

स्वागत सम्मान के दौर में वक्ताओं द्वारा सभी सम्मानित गौरवशाली प्रतिभाओं से यही आशा व्यक्त की कि वह सभी अपने पद एवं कर्तव्य का निष्ठा पूर्ण निर्वहन करेंगे। वक्ताओं में उद्योगपति देवीसिंह जी बदनपुरा, पी सी सी सदस्य महेंद्र सुरोठिया, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सारस्वत, भाजपा जिला प्रवक्ता जितेंद्र सिंह पिचनौत, विपिन शर्मा, एडवोकेट राजेश सिंह आदि ने इन प्रतिभाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मंच संचालन बबलू शुक्ला द्वारा किया गया।अभिनंदन समारोह में पूर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अखिलेश लवानिया, विप्र सेना जिला उपाध्यक्ष अंकुश शुक्ला, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा योगी,गजानंद शर्मा, पांचना संघर्ष समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बैंसला,उद्योगपति मदन मोहन लवानिया, कल्याण सरपंच, विकास, अनिल शर्मा लैब, मनोज चतुर्वेदी, धर्मेंद्र शर्मा मेडिकल सहित करौली जिले के प्रबुद्ध जन, समाजसेवी, शिक्षाविद और पर्यावरण प्रेमियों सहित अनेक गुणीजन उपस्थित रहे।

उत्सव दिवस का आयोजन 2 अगस्त को

करौली, (निंसं.) अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 02 अगस्त 2025 को प्रात: 11 बजे से वाराणासी, उत्तरप्रदेश से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त जारी की जा रही है। इस अवसर पर किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसे पीएम-किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस पीएम किसान उत्सव दिवस का जिले के सभी ब्लॉक, ठाम पंचायत स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्रों भी आयोजन किया जाना है जिसमें ठाम प्रधान, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्थानीय कृषि वैज्ञानिक, राष्ट्रीय, राज्य स्तर पर पुरस्कृत किसानों के साथ-साथ पीएम किसान योजना के लाभार्थियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जानी है।

'जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारी, कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें'

करौली (निंसं.)। उपखंड अधिकारी सपोटरा बाबूलाल ने बताया कि उपखण्ड क्षेत्र सपोटरा में जल भराव से प्रभावित क्षेत्र, उपतहसील क्षेत्र करणपुर के ग्राम करई से तीन दिन से फसे हुए 02 युवा लड़कों को रेसक्यू करके ग्राम भकुला नाले से एसडीआरफ की टीम द्वारा ग्राम टोडा पहुंचाया गया तथा तत्पश्चात ठाम टोडा में दो महिला मरीजों को रेसक्यू करके एसडीआरफ टीम द्वारा ग्राम करई पहुंचाया गया। इसके बाद मेडिकल टीम द्वारा उपचार हेतु करणपुर पहुंचाया गया। पुन: एक महिला मरीज को उपचार बाद ग्राम करई से ग्राम टोडा पहुंचाया गया। इस प्रकार कुल पांच व्यक्तियों को रेसक्यू किया गया। विकास अधिकारी मण्डरायल के अनुसार उपतहसील क्षेत्र करणपुर के ठाम करोड एवं महाराज पुरा में 30 जुलाई को 105 व 125 लोगो सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया एवं दोनो टाईम फूड पैकेट का वितरण किया गया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी मण्डरायल के अनुसार उपतहसील क्षेत्र करणपुर के ठाम करई, घुसई टोडा क्षेत्र में मेडिकल टीम द्वारा लगभग 78-80 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया एवं मेडिकल किट वितरित की गई। ठाम टोडा में चार, करई में दो व चौरधान क्षेत्र में दो प्रसूताओं को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई।

■ **जरूरतमंदो की कर रहे हर आवश्यक मदद**

कोटड़ा के विवेकानंद मॉडल स्कूल में बालिकाओं से राज्यपाल ने किया संवाद

उदयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे.ने कोटड़ा प्रवास के दौरान गुरूवार को विवेकानंद मॉडल स्कूल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से संवाद भी किया। एकलव्य विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् राज्यपाल बागड़े विवेकानंद मॉडल स्कूल के छात्रावास पहुंचे। यहां उन्होंने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। छात्रावास की बालिकाओं ने मंगल गीत गाकर स्वागत किया। साथ ही जंगल के रखवाले आदिवासी.., इस आशय का संदेश देते हुए सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने बालिकाओं से संवाद किया। इस दौरान 10वीं कक्षा की छात्रा रवीना खैर ने पूछा कि जीवन में सफलता पाने के लिए क्या करें। राज्यपाल ने जवाब दिया कि जीवन को सुंदर और खुशहाल बनाने के लिए शिक्षा पूरी करो। जन्म के समय सबकी बौद्धिक क्षमता समान होती है, लेकिन परिस्थितियों के अनुसार बौद्धिक स्तर में अंतर आ जाता है। इसलिए घर में लिखने पढ़ने का माहौल हो तो बच्चे को शुरू से वैसे ही संस्कार मिलते हैं। जहां कोई पढ़ने योग्य सामग्री मिले उसे पढ़ें। पाठ्य पुस्तकों के अलावा भी पढ़ाई करें जिससे बुद्धि का विकास हो सके। राज्यपाल ने सभी बच्चियों के लिए उपहार स्वरूप चॉकलेट प्रदान की।

आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त

करौली, (निंसं.) जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक आशीष बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। यह पुरस्कार 31 जुलाई 2025 तक) 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरूस्कार 2025 के लिए उपयुक्त नामांकन राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ीजजचरूध्धूंतकेण्हवअण्पद पर 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रशासन मुस्तैद, किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयार - जिला कलेक्टर

करौली, (निंसं.) चंबल नदी में जल स्तर बढने से मंडरायल क्षेत्र के प्रभावित ठाामों में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जिला कलेक्टर ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में प्रशासन मुस्तैदी के साथ निगरानी बनाए हुए हैं एवं बचाव एवं राहत से संबंधित सभी टीम तैनात कर दी गई हैं। प्रशासन किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उपखंड अधिकारी सुमन गुर्जर ने बताया कि मंडरायल क्षेत्र में चंबल नदी के जलस्तर बढने के कारण ठाम कसेड, कैमकच्छ, टोड्डी, राचोली, धांस, कसेड और बूडन का पुरा के अधिकांश घर जलभराव क्षेत्र में आ गए है। हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा पूर्व नियोजित योजना के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य तेज़ी से आरंभ किए गए हैं।

प्रशासन ने विभिन्न टीमों का गठन कर प्रभावित परिवारों को अलग-अलग सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित किया है। ठाम कसेड और कैमकच्छ में गर्भवती महिलाओं एवं बीमार लोगों को एसडीआरएफ टीम एवं प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। राचोली और कसेड के निवासियों को ऊंचे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बचाव एवं राहत कार्यों के तहत ठाामीणों, महिलाओं एवं बच्चों को अबतक अलग- अलग गावों में लगभग 2700 फूड पैकेट और मेडिकल किट वितरित की गई। इसके साथ-साथ बच्चों को विशेष रूप से दूध और बिस्किट के पैकेट भी उपलब्ध कराए गए हैं। टोडी गांव के जलमग्न क्षेत्र के लोगों को अठावाल धर्मशाला में अस्थायी रूप से विस्थापित किया गया, जहां उनके लिए भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इस दौरान जिला कलेक्टर एवं सीईओ शिवचरण मीना स्वयं मौके पर पहुंचे और एसडीएम मंडरायल सहित अन्य अधिकारियों के साथ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

बाल वाहिनी संयोजक समिति की बैठक सम्पन्न दिये आवश्यक दिशा निर्देश

करौली, (निंसं.) जिले में संचालित बाल वाहिनीयों के सफल, सुलभ एवं सुरक्षित आवागमन हेतु पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को बाल वाहिनी संयोंजक समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक इन्द्रेश तिवाडी, डीईओ प्राथमिक पुष्पेन्द्र शर्मा, सभी निजी विद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं के संचालकों, व्यवस्थापकों को जिले में संचालित सभी बाल वाहिनीयों में स्पीड गर्वनर, जीपीएस एवं कैमरा आवश्यक रूप से लगाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि ऐसे बाल वाहिनी जिनकी फिटनेस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो गई है एवं जो संचालन की स्थिति में है, को अतिशीघ्र नियमानुसार पुन: पंजीयन कराकर एवं फिटनेस जारी कराकर ही उन वाहनों का संचालन किया जाए। अवैध रूप से संचालित होने वाले विद्यालय वाहनों पर जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस प्रभारी को कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। ऐसे वाहन जो बिना बीमा, फिटनेस एवं आरसी के समाप्त होने के उपरान्त भी विद्यालय वाहनों के उपयोग में हो रहे है।

प्रदर्शन कर संघर्ष समिति ने सौपा ज्ञापन

करौला,(निंसं.)(फोटा-पी-2) टाइगर रिजर्व बफर जोन खारिज कर करौली, धौलपुर के 108 गांव का विस्थापन रोकना एवं डूंगरी बांध परियोजना को रद्द कर क्षेत्र गांव का विस्थापन रोकने सहित कई अन्य मांगों को लेकर बुधवार को करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर जिले के प्रमुख लोगों ने 108 गांव बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए चेतावनी दी है कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी तो धरना प्रदर्शन के अलावा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। करौली कलेक्ट्रेट के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से भाजपा नेता सतबीर चंदीला, प्रहलाद मीणा, लोकेंद्र छावडी, दयाल सिंह, गजराज सिंह, राकेश, हिम्मत सिंह, रामराज मीणा, कुंजीलाल मीणा, संपत राम गुर्जर सहित करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर के लोग उपस्थित थे जिन्होंने टाइगर रिजर्व बफर जोन खारिज करो, बंध बरेठा बर्ड सेंचुरी खारिज करो के नारे भी लगाए वही धरना प्रदर्शन में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सतबीर चंदीला ने कहा कि राजस्थान प्रदेश के करौली एवं धौलपुर जिले के 108 गांव के ढाई लाख लोगों तथा करौली के मासलपुर क्षेत्र के चार वन खंड जोड़कर बंध बरेटा सेंचुरी में शामिल किया गया है जिसे आम जनता पूर्ण रूप से विरोध कर रही है संघर्ष समिति ने सौपे ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि सरकार ने राठौड़ी और अपनी मर्जी से 108 गांव के ढाई लाख लोगों के घर उजाड़ने का सीधा-सीधा फरमान जारी किया है जो संविधान में लोकतंत्र का उल्लंघन है।

हादसे में वृद्ध की मौत : उदयपुर, । शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में कार की चपेट में आने से घायल वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार की चपेट में आने से घायल उत्तरी मांगीलाल पालीवाल (75)पुत्र प्रभूलाल पालीवाल घायल हो गया था।

आम सूचना

मैं वीरेन्द्र कौर पत्नि श्रीमानसिंह गुर्जर निवासी जाटौली घना तह. व जिला भरतपुर (राज.) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे पति के नाम एक वाहन सं. INDIGO ECS LS पंजीयन नं. आर.जे. 05-सीए 7050 है। मेरे पति का दिनांक 12-5-2017 को स्वर्गवास हो गया। मैं उनकी धर्मपत्नि हूं मेरे पति के नाम से जो वाहन है। उसे मेरे नाम से परिवर्तन कराना चाहती हूं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह जिला परिवहन में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति दर्ज करा सकता है। समय निकलने बाद आपत्ति स्वीकार नही मानी जावेगी। समस्त जवाबदेही मेरी स्वयं की होगी।

न्यायालय जिला न्यायाधीश जिला करौली

भोली बत्तो बनाम हरखास व आम
सी.एम.नं.-09/2025
नोटिस हर खास आम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-1 भोली बत्तो पत्नी (प्रथम पत्नी) स्व. सुआलाल, 2-लोटन बाई पुत्री स्व. सुआलाल, 3-केशोदेवी पुत्री स्व. सुआलाल 4-मुकेश पुत्री स्व. सुआलाल 5-अन्ता पुत्री स्व. सुआलाल, 6-इन्द्रा पत्नी (द्वितीय पत्नी) स्व. सुआलाल, 7- निरमा पुत्री स्व. सुआलाल, 8-सोनू पुत्र स्व. सुआलाल जरिये संरक्षक माता इन्द्रा पत्नी स्व. सुआलाल, 9-मोनू पुत्र स्व. सुआलाल जरिये संरक्षक माता इन्द्रा पत्नी स्व. सुआलाल, 10-काजल पुत्री स्व. सुआलाल जरिये संरक्षक माता इन्द्रा पत्नी स्व. सुआलाल सभी निवासीयान सरूआ का पुरा, चूरिया की, बहादुरपुर, मण्डरायल जिला करोली (राज.) के पिता/पति का दिनांक 20.12.2022 को देहान्त हो चुका हे। आवेदक ने अपने पिता/पति की सिलिकोसिस सहायता राशि 4,10,000/- रूपये व अन्य सहायता राशि को प्राप्त करने हेतु आवेदन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत् किया है जिस किसी को भी इस संदर्भ में आपत्ति हो वह स्वंय/प्लीडर द्वारा नियत दिनांक 20.08.2025 को 10:30 ऐ.एम. बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। आज्ञा

मुहर वरिष्ठ मुंसरिम जिला न्यायाधीश करौली (राज.)

विद्यालय भवनों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव जारी

करौली, (निंसं.) मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा ने बताया कि जिले के विद्यालयों की जर्जर स्थिति को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की टीमों को मौके पर भेजकर भौतिक सत्यापन करवाया गया। जांच के दौरान जहां भी विद्यालय भवनों की स्थिति अत्यंत जर्जर पाई गई या कक्षाओं में विद्यार्थियों के लिए बैठना असुरक्षित पाया गया वहां वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशासन ने प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर जर्जर विद्यालय भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार कर उन्हें अनुमोदन हेतु अठोषित किया है। इसके अतिरिक्त, जिन विद्यालय परिसरों में बारिश के दौरान जलभराव या पानी की निकासी की समस्या देखी गई, वहां समुचित निकासी की व्यवस्था हेतु भी निर्देश जारी किए गए हैं। बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, प्रत्येक स्कूल में आवश्यक मरम्मत कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उन्होंने बताया कि प्रकाशित समाचार के अनुसार 25 जुलाई को बरसात के कारण राउमावि इनायति के कमरे की छत गिर गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा पहले से इन कमरों में विद्यार्थियों को नहीं जाने दिया जा रहा था। उक्त हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। विद्यालय के छह कमरों को जमीदौंज करवाने के प्रस्ताव भिजवा दिये गये है। पीएम श्री राउमावि हिण्डौन की चारदीवारी के सहारे स्टेशन रोड एवं डेम्प रोड ऊंची होने के कारण विद्यालय परिसर के चारों ओर पानी भरा हुआ है व कमरों के बीच से होकर एक तरफ से दूसरी तरफ पानी आ रहा है। विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान से पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु नगरपरिषद से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संस्था प्रधान को निर्देशित किया गया है। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मांचडी के लिए समाचार पत्र में छपी खबर शिक्षा के मंदिर में जल भराव से बदहाल, विद्यार्थी के आने की राह दुष्वार इस विद्यालय की नही है। उक्त विद्यालय मुख्य सडक एवं ऊंचाई पर स